>

Title: Need to run a new train between Allahabad and Mumbai via Kanpur with halts at Bharwari and Sirathu railway stations in Kaushambi, Uttar Pradesh.

श्री शैलेन्द्र कुमार (चायल) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र के सैकड़ों लोगों का आवागमन प्रतिदिन मुम्बई जाने के लिए होता है। एक नई ट्रेन इलाहाबाद से चलकर कानपुर होते हुए मुम्बई जाये, जिसका स्टापेज (ठहराव) भरवारी, सिराथू व फतेहपुर होने से जनपद कौशाम्बी उत्तर प्रदेश से जाने वाले यात्रियों को सुविधा होगी। (महानन्दा एक्सप्रेस 4083अप 4084डाउन), (मूरी एक्स. 8101अप, 8102डाउन) इलाहाबाद मथुरा एक्सप्रेस, प्रयागराज एक्सप्रेस 2417, 2418 का स्टापेज (ठहराव) भरवारी व सिराथू स्टेशनों पर होने से यात्रियों को सुविधा होगी। रेल विभाग ने 150 कि.मी. पर एक एम.एस.टी. बनाने की सुविधा दी है जबकि इलाहाबाद से कानपुर की दूरी 156 कि.मी. है। 156 कि.मी. दूरी पर केवल एक ही एम.एस.टी बनाने की सुविधा होनी चाहिए।

उपरोक्त बिन्दुओं के हल होने से रेल विभाग को विशेष राजस्व का लाभ मिलेगा।